# मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

क्रमांक / मोलासुविवि / परीक्षा / 2026 / 9494 दिनांकः 07.02.2026

## संशोधित आदेश

निर्देशानुसार, इस कार्यालय के आदेश क्रमांक / मोलासुविवि / परीक्षा / 2026 / 9421 दिनांक 19.01.2026 के क्रम में उक्त आदेश में निम्नानुसार सुधार / परिवर्तन किया जाता है :–

विश्वविद्यालय के स्नातक कला व वाणिज्य के विद्यार्थी तृतीय सेमेस्टर में अपनी केटेगरी नियमित से स्वयंपाठी एवं स्वयंपाठी से नियमित में परिवर्तन निम्न शर्तों की पालना के साथ कर सकते है :–

1. केटेगरी परिवर्तन विद्यार्थी की विषम परिस्थितियों को देखते हुए ही की जा सकेगी जिसका विद्यार्थी को उचित कारण / साक्ष्य प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
2. विद्यार्थी के जो विषय प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर में है वे ही विषय तृतीय सेमेस्टर में होगें।
3. यदि विद्यार्थी प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर में नियमित है और प्रायोगिक विषय नहीं है तो उसे तृतीय सेमेस्टर में स्वयंपाठी विद्यार्थी के रूप में केटेगरी परिवर्तन की अनुमति प्रदान की जाती है।
4. यदि विद्यार्थी प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर में स्वयंपाठी है तो तृतीय सेमेस्टर में महाविद्यालय में सीट उपलब्धता के आधार पर तृतीय सेमेस्टर में नियमित विद्यार्थी के रूप में केटेगरी परिवर्तन की अनुमति प्रदान की जाती है बशर्त प्रायोगिक विषय ना हो।
5. विद्यार्थी प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर पूर्ण रूप से उत्तीर्ण हो (Clear Pass) कोई भी प्रश्न पत्र बकाया / अनुत्तीर्ण ना हो।
6. प्रोन्नत (Promote) विद्यार्थी को तृतीय सेमेस्टर में केटेगरी परिवर्तन की अनुमति प्रदान नहीं की जाती है।

उक्त आदेश सत्र 2025–26 से प्रभावी होगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अधिष्ठाता / प्राचार्य / निदेशक, समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय........................
2. कुलसचिव, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
3. निजी सचिव, माननीय कुलगुरु महोदय, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
4. वित्त नियंत्रक, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
5. उप कुलसचिव, बैठक शाखा / सामान्य को प्रेषित कर निवेदन है कि कृपया उक्त संशोधित आदेश को आगामी शैक्षणिक परिषद में अनुमोदित करावें।
6. उप कुलसचिव, परीक्षा / गोपनीय अनुभाग / सामान्य, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
7. सहायक कुलसचिव, परीक्षा / गोपनीय अनुभाग, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
8. इन्चार्ज, इन्टरनेट केन्द्र, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उपर्युक्त को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड़ करावें।
9. संकाय प्रभारी, परीक्षा शाखा, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर ।
10. Nodal Officer, SUMS/BECIL, New Delhi को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करावें।
11. रक्षित पत्रावली।

सहायक कुलसचिव